10

पत्रांक–2/टी०–03/2025–

**बिहार सरकार**

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना

पटना, दिनांक / / 2026

**विषय :** **सोमनाथ यात्रा दिनांक–20.07.2026 से 26.07.2026 तक श्रद्धालुओं को आकस्मिक चिकित्सा सहायता प्रदान किये जाने हेतु एक चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करने के सम्बन्ध में।**

**प्रसंगः** **कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–839 दिनांक–07.07.2026 ।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि दिनांक–20.07.2026 से 26.07.2026 तक तक सोमनाथ यात्रा हेतु 1100 श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेन पाटलीपुत्रा स्टेशन, पटना से सोमनाथ हेतु प्रस्थान करेंगी तथा दो दिवसीय सोमनाथ भ्रमण उपरान्त दिनांक–26.06.2026 को पाटलीपुत्रा स्टेशन वापस आएगी। उक्त यात्रा के दौरान दिनांक–20.07.2026 से 26.07 2026 तक श्रद्धालुओं को आकस्मिक चिकित्सा सहायता प्रदान किये जाने हेतु एक चिकित्सक पद की प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया गया है।

2. विदित हो कि सोमनाथ यात्रा के दौरान सम्पूर्ण समन्वय हेतु श्री चन्द्रशेखर सिंह, निदेशक, मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी (मो०–9162557552) को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

3. वर्णित स्थिति में प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि सोमनाथ यात्रा के दौरान सम्पूर्ण समन्वय हेतु नोडल पदाधिकारी, श्री चन्द्रशेखर सिंह, निदेशक, मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी से सम्पर्क करते हुए आवश्यकतानुसार अपने स्तर से एक चिकित्सक दल की प्रतिनियुक्ति करते हुए विभाग को भी सूचित करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुलग्न–यथोक्त।**

**विश्वासभाजन,**
ह०/–
**(विनोद कुमार पाठक)**

**ज्ञापांक–2/टी०–03/2025–** 1622(2) **पटना, दिनांक** 17/7/**2026**

**प्रतिलिपि :** महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** माननीय मंत्री, स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव/संयुक्त सचिव/सभी उप सचिव/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–3, 9, 17, 18ए स्वास्थ्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** निदेशक, संस्कृति कार्य, कला एव संस्कृति विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–839 दिनांक–07.07.2026 को प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः** श्री चन्द्रशेखर सिंह, निदेशक, मिथिला चित्रकला संस्थान, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपि :** जिला पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपि :** क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

**प्रतिलिपि :** श्री अमीत कुमार, डेटा एनालिस्ट, स्वास्थ्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Vinod K 17/7/26
**सरकार के उप सचिव।**

1

D \Sec 2 data\HCL_DISK2\Sec-2\2026 data\sec-Letter(T)2026 docx